# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 01.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 01.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 वंशनारायण सिंह एवं उनकी टीम द्वारा धर्म परिवर्तन कराने वाले 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-</u>**

1. फूलचन्द्र पुत्र सीताराम निवासी ग्राम अहिरी थाना मऊ जनपद चित्रकूट उम्र करीब 53 वर्ष
2. राजकुमार पटवा पुत्र रामजी पटवा निवासी रामनगर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट उम्र करीब 29 वर्ष
3.सन्तलाल पुत्र राममनोहर निवासी महिला थाना कौशाम्बी जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 40 वर्ष
4.बाबूलाल पुत्र शारदा निवासी अर्जुनपुर दबवा मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट उम्र करीब 40 वर्ष

**<u>बरामदगी-</u>**

02 अदद किताब (धार्मिक पुस्तक बाइबल व नया नियम)

**<u>गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय</u>**

महिला घाट पुल से 200 मीटर पहले मऊ की तरफ,दिनांक 31.08.2025 को समय 21.40 बजे

**<u>संक्षिप्त विवरण</u>**

उल्लेखनीय है कि दिनांक 31.08.2025 को वादी श्री मुकेश बाजपेयी पुत्र भगवत प्रसाद बाजपेयी निवासी बाजार रोड कस्वा व थाना मऊ जनपद चित्रकूट मय हमराह शिवांश केशरवानी,अंकित शुक्ला,प्रदीप कुमार मिश्रा निवासीगण कस्वा व थाना मऊ जनपद चित्रकूट द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि फूलचन्द्र पुत्र सीताराम निवासी ग्राम अहिरी थाना मऊ जनपद चित्रकूट के घर में विगत 01 वर्ष से हिन्दू गरीब परिवार को धन का प्रलोभन देकर हिन्दू देवी देवताओं को अभद्र गाली देकर ईसा मसीह का गुणगान करते हुये प्रार्थना सभा में बाइबिल की कथा सुनाकर धर्मांतरण के लिये लोगों उत्प्रेरित किया जा रहा है। इस सूचना पर थाना मऊ में मु0अ0सं0 273/25 धारा 299 बीएनएस व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 बनाम 1. फूलचन्द्र पुत्र सीताराम नि0 ग्राम अहिरी थाना मऊ जनपद चित्रकूट 2.राजकुमार पटवा पुत्र रामजी पटवा नि0 रामनगर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 3.सन्तलाल पुत्र राममनोहर नि0 महिला कौशाम्बी 4.बाबूलाल पुत्र शारदा नि0 अर्जुनपुर दबवा मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया। विवेचना उ0नि0 श्री वंशनारायण द्वारा प्रचलित हुई। दिनांक 31.08.2025 को समय 21.40 बजे उ0नि0 श्री वंशनारायण सिंह व उनकी टीम द्वारा 1. फूलचन्द्र पुत्र सीताराम 2. राजकुमार पटवा पुत्र रामजी पटवा 3.सन्तलाल पुत्र राममनोहर 4.बाबूलाल पुत्र शारदा को महिला घाट पुल से 200 मीटर पहले मऊ की तरफ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की जामा तलाशी ली गयी तो अभियुक्त संतलाल से एक किताब मेहरुन कलर का कवर लगा हुआ है,जिस पर प्रवित्र बाइबल लिखा हुआ है तथा अभियुक्त राजकुमार पटवा उपरोक्त से एक छोटी किताब जिस पर नया नियम गोल्डेन कलर से लिखा हुआ बरामद हुआ।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम-</u>**

1.उ0नि0 श्री वंशनारायण सिंह
2.उ0नि0 अनूप कुमार शुक्ला
3.आरक्षी राकेश कुमार
4.आरक्षी सोनपाल
5.पंकज राय

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियो के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में थाना बहिलपुरवा पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 01.09.2025 को उ0नि0 श्री राहुल कुमार पाण्डेय एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम टिकारी मोड़ पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था कि एक व्यक्ति सेमरदहा की ओर से नीले रंग की अपाचे से बहिलपुरवा टिकारी मोड़ की तरफ आ रहा था । पुलिस वालों को देखकर टिकारी मोड़ से करीब 10 कदम पहले अपनी मोटर साइकिल रोककर पीछे मुड़कर भागने का प्रयास किया तत्काल पुलिस बल द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुए अभियुक्त को पकड़ लिया गया । पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता तथा भागने का कारण पूछा गया तो अपना नाम अभय प्रताप सिंह पुत्र धीरेन्द्र सिंह उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ठाकुरन पुरवा ऐंचवारा थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट बताते हुए बताया कि यह मोटर साइकिल चोरी की है । चेक करने पर मोटर साइकिल के आगे पीछे नम्बर प्लेट नही लगा है। मोटर साइकिल में लिखे चेचिस नं0 MD634AE86L2K17947 को ई-चालान एप पर चेक किया गया तो मोटर साइकिल नं0 UP 73 Y 3095 जो आरती देवी पुत्री राधेश्याम निवासी समदा मंझनपुर जिला कौशाम्बी के नाम पंजीकृत है। उक्त मोटर साइकिल सम्बन्ध में थाना करारी जनपद कौशाम्बी में मु0अ0सं0 196/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है। चोरी की मोटर साइकिल बरामद होने पर आज दिनांक 01.09.2025 को समय 10.35 बजे अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना बहिलपुरवा में मु0अ0सं0 54/25 धारा 317(2) बनाम उपरोक्त अभियुक्त पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अभय प्रताप सिंह पुत्र धीरेन्द्र सिंह उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ठाकुरन पुरवा ऐंचवारा थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट

**बरामदगी-**

मो0सा0 अपाचे नं0 UP 73 Y 3095 रंग नीला

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1.उ0नि0 श्री राहुल कुमार पाण्डेय
2.उ0नि0 हारुन रसीद खान
3.आरक्षी अजीत कुमार

**(5).** आज दिनाँक 01.09.2025 को ग्राम चर के ग्रामिणों की 05 बदमाशों की सूचना पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशानुसार तत्काल क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल,प्रभारी एसओजी टीम श्री एम0पी0 त्रिपाठी मय ड्रोन टीम के,प्रभारी कोतवली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,प्रभारी बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी,प्रभारी रैपुरा श्री विनोद कुमार शुक्ला,प्रभारी मानिकपुर श्री श्रीप्रकाश यादव,चौकी प्रभारी सरैया श्री सत्यपति त्रिपाठी मय पुलिस बल के साथ जनता के लोग भी ग्राम चर में बदमाशों की सूचना पर तत्काल पहाड़ों और जंगलों में पहुंचकर कॉम्बिंग शुरू की गयी । पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर पहुंचकर जनता के लोगों के साथ सम्वाद किया गया । बदमाशों के सम्भावित क्षेत्रों को पुलिस बल व जनता के लोगों द्वारा पहाड़ो और जगंलो को घेर रखा था। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता की इस बहादुरी पूर्ण सहयोग के लिए प्रसंशा की और आगे भी इसी तरह का उत्साहपूर्ण सहयोग बनाये रखने की अपील की गयी।